प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस वित्त वर्ष की शेष अवधि के लिए प्रदेश की ऋण सीमा में दो प्रतिशत वृद्धि करने का आग्रह किया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में वित्त मंत्री से भेंट के दौरान कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से हालांकि प्रदेश के राजस्व में वृद्धि हो रही है लेकिन राजस्व घाटा अनुदान में नियमित कमी और प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुए नुकसान के चलते प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

मुख्यमंत्री / वित्त मंत्री.....

*हमने माननीय वित्त मंत्री से अनुरोध किया है कि प्रदेश में डिजास्टर आया और डिजास्टर के कारण हमें एडिशनल बॉरिंग 2 प्रतिशत की लॉस हुई है। वित्त मंत्री ने कहा है कि मैं सारी चीजों को स्टडी करूंगी क्या एडिशनल बोरिंग किस प्रकार दी जा सकती है उनका यह मानना था कि कई राज्य और इस प्रकार की बात करेंगे कि अगर आपने हिमाचल प्रदेश को दी है तो देश के अन्य राज्यों को भी मुझे देनी पड़ेगी और हिमाचल में डिजास्टर आया किस प्रकार मदद हो सकेगी। सब बातों पर चर्चा के बाद वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया है कि हम इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे।*

मुख्यमंत्री / जितेंद्र सिंह

*जितेंद्र सिंह जी से हमने मुलाकात इसलिए की है कि जो प्रदेश में डिजास्टर आ रहे हैं उसके लिए डॉपलर की और लगाने की बात की है और अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने की बात की है वैदर से संबंधित लेटेस्ट टेक्नोलॉजी को अपनाने की बात की है और डिजास्टर का में कारण से चर्चा में यह भी आया कि क्लाइमेट चेंज हुआ है टेंपरेचर 1 डिग्री और डेढ़ डिग्री के करीब बढ़ रहा है आज हिमाचल प्रदेश इस डिजास्टर को सहन करता है आने वाले समय में इसका असर और जो हिल स्टेट है उसे पर भी पड़ेगा।*

दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह से भेंट कर अगले मॉनसून सीजन से पहले प्रदेश में एक सौ 50 स्वचालित मौसम केन्द्र और किन्नौर में एक डॉपलर वैदर रडॉर स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन प्रणालियों से आपदा की अग्रिम चेतावनी का लाभ मिल सकेगा।

सिंकदर कुमार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली केन्द्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को अपनी मंजूरी दे दी है और यह आयोग अगले 18 महीनो के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा। सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने केन्द्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि 8वें वेतन आयोग के गठन से केंद्र सरकार के तकरीबन 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पैंशनरों को सीधा लाभ मिलेगा।

जगत सिंह नेगी

बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी मंत्री ने जनजातीय क्षेत्र किन्नौर के ग्रामीणों से आर्थिकी में सुधार के लिए सेब के साथ–साथ जापानी फल की बागवानी को अपनाने का आहवान किया है। जगत सिंह नेगी ने कल किन्नौर जिला में निचार की चौरा पंचायत में 37 लाख रुपये की लागत से निर्मित राजकीय प्राथमिक विद्यालय के अतिरिक्त भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव वंचित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रही है और वर्तमान सरकार भी आम जनता की हितैषी सरकार के रूप में उनके अधिकारों की रक्षा कर रही है।

किन्नौर महोत्सव

राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव आज से रिकांकपिओ में शुरू हो रहा है। राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी इस 4 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव के दौरान देश–प्रदेश के विभिन्न सांस्कृतिक दल अपनी संस्कृति के रंग बिखेरेंगे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता

*यह मेला सिर्फ एक वार्षिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह जनजातीय क्षेत्र की संस्कृति, इतिहास और व्यापार का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है। महोत्सव में 31 अक्टूबर को मैराथन दौड़ का भी आयोजन होगा। इसके अलावा 30 व 31 अक्टूबर को नेशनल ट्राइबल फेस्टीवल भी मनाया जा रहा है। इस वर्ष देश के 26 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव में जनजातीय शिल्प, कला और संस्कृति प्रदर्शनी, जनजातीय फिल्म प्रलेखन, साहित्य, वनों से प्राप्त उत्पाद, पारंपरिक खाद्य व्यंजन और जनजातीय चिकित्सा पद्धतियों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार के लिए विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।*

एकता दौड़

केंद्र सरकार के फिट इंडिया मिशन के समर्थन और श्री सत्य साई बाबा के 100वें जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर 5 नवम्बर को शिमला में श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। दौड़ के माध्यम से लोगों को प्रेम, शांति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया जाएगा। सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगिंदर वर्मा ने कहा कि दौड़ में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग तीन श्रेणियों में 3 किमी, 5 किमी और 10 किमी दौड़ में हिस्सा ले सकते हैं।

दुर्घटना

चम्बा जिला के चुराह उपमंडल के तहत देवीकोठी–टेपा मार्ग पर कल शाम एक सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। माना जा रहा है कि सड़क पर फिसलन व गाड़ी का नियंत्रण बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई है।